जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 15.07.2024

थाना कांधला पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये हुये 02 मोबाइल बरामदः-

आज दिनांक 15.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा मोबाईल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल अभियुक्त को चोरी किये हुए दोनों मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

दिनांक 11.07.2024 को वादी श्री दिलशाद पुत्र मुंशी निवासी मौहल्ला जवाहर नगर कस्बा एलम थाना कांधला जनपद शामली के घर से 02 मोबाइल फोन अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में थाना कांधला पर तहरीर दाखिल की गई थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.आस मौहम्मद पुत्र शब्बीर निवासी मौहल्ला सुभाषनगर कस्बा एलम थाना कांधला जनपद शामली

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी किये हुए दोनों मोबाइल फोन (रेडमी व एप्पल) ।

<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 10.62 ग्राम स्मैक डलीनुमा व स्मैक में प्रयुक्त सफेद पदार्थ (कट) 850 ग्राम बरामदः-</u>

आज दिनांक 15.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए गये मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 10.62 ग्राम स्मैक डलीनुमा व स्मैक में प्रयुक्त सफेद पदार्थ (कट) 850 ग्राम सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.मौहम्मद कौशर पुत्र गुलाम नबी निवासी ग्राम गन्दराऊ थाना कैराना जनपद शामली।

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

1.अवैध 10.62 ग्राम स्मैक डलीनुमा।

2.स्मैक में प्रयुक्त सफेद पदार्थ (कट) 850 ग्राम।

थाना गढीपुख्ता पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 15.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना गढीपुख्ता पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना गढीपुख्ता पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.महीपाल पुत्र इमला निवासी ग्राम मादलपुर थाना थानाभवन जनपद शामली।